भारत सरकार
गृह मंत्रालय
राजभाषा विभाग
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 7086
दिनांक 14.5.2002 को उत्तर के लिए

पूर्वोत्तर क्षेत्र में राजभाषा का क्रियान्वयन

प्रश्न

7086 श्री आर0 आर0 पाटिलः

क्या गृह-मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) राजभाषा हिंदी के क्रियान्वयन के लिए पूर्वोत्तर क्षेत्र में स्थित संगठनों /केन्द्र सरकार के कार्यालयों का ब्यौरा क्या है ;

(ख) क्या हिन्दी को प्रोत्साहन देने के लिए इन संगठनों /कार्यालयों के बीच कोई समन्वय है ;

(ग) यदि हां, तो तत्सबंधी ब्यौरा क्या है ;

(घ) इन संस्थानों के कार्यनिष्पादन का मूल्यांकन किस प्रकार किया जाता है ?

उत्तर

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री आई0डी0 स्वामी)

(क) पूर्वोत्तर क्षेत्र में राजभाषा हिंदी के क्रियान्वयन के लिए एक क्षेत्रीय कार्यालय गुवाहाटी में कार्यरत है ।

(ख) तथा(ग) गुवाहाटी स्थित कार्यालय राजभाषा विभाग का एक अधीनस्थ कार्यालय है जो पूर्वोत्तर क्षेत्र में स्थित केंद्र सरकार के सभी कार्यालयों में राजभाषा हिंदी के क्रियान्वयन की प्रगति का लेखा-जोखा रखता है ।

(घ) क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय तिमाही प्रगति रिपोर्ट के आधार पर कार्यालयों के कार्य निष्पादन का मूल्यांकन करते हैं । क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालयों पर राजभाषा विभाग का मुख्यालय निगरानी रखता है ।